Name : ..............................................................

Roll No. : ..............................

कुल प्रश्नों की संख्या : 18 ]

[ कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 7

# B-231070–B

## विषय : हिन्दी

समय : 3 घण्टे ]

[ पूर्णांक : 75

*निर्देश* :

(*i*) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

(*ii*) प्रश्न क्रमांक 1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है, जिसके खण्ड (अ) में वहुविकल्पीय प्रश्न, खण्ड (ब) में रिक्त स्थानों की पूर्ति एवं खण्ड (स) में उचित सम्बन्ध जोड़िए सम्बन्धी प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित है।

(*iii*) प्रश्न क्रमांक 2 से 6 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक उत्तर हेतु शब्द-सीमा *30* शब्द है। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक निर्धारित हैं।

(*iv*) प्रश्न क्रमांक 7 से 10 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक उत्तर हेतु शब्द-सीमा *50* शब्द है। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक निर्धारित हैं।

(*v*) प्रश्न क्रमांक 11 से 15 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक उत्तर हेतु शब्द-सीमा *75* शब्द है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित हैं।

(*vi*) प्रश्न क्रमांक 16 पत्र-लेखन है। इसमें 5 अंक निर्धारित हैं।

(*vii*) प्रश्न क्रमांक 17 अपठित गद्यांश है। इसमें 5 अंक निर्धारित हैं।

(*viii*) प्रश्न क्रमांक 18 निबंध-लेखन का प्रश्न है। इसका उत्तर लगभग *250* से *300* शब्दों में लिखिए। इस प्रश्न पर 8 अंक निर्धारित हैं।

(*ix*) प्रश्न क्रमांक 11 से 18 तक के सभी प्रश्नों में विकल्प दिया गया है।

प्रश्न-1 ( खण्ड-अ ) सही विकल्प चुनकर लिखिए : [1×5

(i) डॉक्टरों के पास किस बीमारी का इलाज नहीं होता ?

(अ) कालरा

(ब) हैजा

(स) टैक्स

(द) कैंसर

(ii) माटीवाली का गाँव था :

(अ) टिहरी के पास

(ब) चम्बा के पास

(स) मनाली के पास

(द) शिमला के पास

(iii) वीर नारायण सिंह जमींदार बने :

(अ) 25 वर्ष में

(ब) 55 वर्ष में

(स) 45 वर्ष में

(द) 35 वर्ष में

(iv) पिरोहिल का अर्थ होता है :

(अ) पीड़ा देने वाली

(ब) कठोर स्वभाव वाली

(स) प्यारी

(द) चालाक

(v) आरसी प्रसाद सिंह की रचना है :

(अ) दीप जले शंख बजे

(ब) बिखरे मोती

(स) खोटा सिक्का

(द) पंख और पतवार

**प्रश्न-1** **( खण्ड-ब )** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : [1×5=5]

(i) हिरण की नाभि में ——— नामक सुगंधित पदार्थ होता है।

(ii) 'अपनी-अपनी बीमारी' पाठ के लेखक ——— हैं।

(iii) पाठिका थी वह धुँधले ——— की।

(iv) हिटलर को लेखक ने ——— की संज्ञा दी है।

(v) गार्टस्वी ने ——— से कहा—आप अच्छे मूड में नहीं लगते।

**प्रश्न-1** **( खण्ड-स )** उचित सम्बन्ध जोड़िए : [1×5=5]

| ( क ) | | ( ख ) |
|---|---|---|
| (i) कपिल धारा | - | घीसा |
| (ii) गुरुदक्षिणा | - | कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर' |
| (iii) जँवारा | - | 150 फीट |
| (iv) अमरित | - | शक्ति की आराधना |
| (v) ज्ञानोदय पत्रिका | - | पसीना |

**प्रश्न-2** हिन्दी साहित्य के इतिहास में 'स्वर्णयुग' किस काल को कहा जाता है ? [2]

**प्रश्न-3** मानसरोवर के कमल को स्वर्णिम कमल कहने का क्या आशय है ? [2]

**प्रश्न-4** निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कर लिखिए : [½+½+½+½=2]

(*i*) आरती लिए ढूँढ़ना

(*ii*) छक्के छुड़ाना

**प्रश्न-5** मधुलिका ने अपनी भूमि के वदले मिलने वाले राजकीय अनुग्रह को क्यों अस्वीकार किया ? [2]

**प्रश्न-6** छत्तीसगढ़ की चार प्रमुख लोक कथाओं के नाम लिखिए। [½+½+½+½=2]

**प्रश्न-7** ज्ञानमार्गी शाखा के तीन कवियों के नाम तथा उनकी एक-एक रचना लिखिए। [½+½+½+½+½+½=3]

**प्रश्न-8** 'माटीवाली' कहानी के अंत में लोग अपने घरों को छोड़कर क्यों जाने लगे थे ? [3]

**प्रश्न-9** 'सुआ (गीत)' नृत्य के समय टोकनी में भरे धान के ऊपर सुआ रखने का क्या अर्थ है ? [3]

**प्रश्न-10** 'भाई रे ऐसा पंथ हमारा' कविता में दादू के पंथ के बारे में पद में क्या-क्या वताया गया है ? [3]

**प्रश्न-11** "अमरकंटक ने नर्मदा को जन्म देकर भारत को वरदान दिया है।" ऐसा क्यों कहा गया ? चार विन्दुओं में अपने विचार लिखिए। [1+1+1+1=4]

*अथवा*

एक कोलाहल भरे, आवादी वाले तथा शांत ग्रामीण अंचल की तुलना चार विन्दुओं में कीजिए।

**प्रश्न-12** मरिया प्रथा ने सिकुमार की जिन्दगी को किस तरह बदल दिया ? अपने विचार लिखिए। [4]

*अथवा*

विवाह पूर्व लड़की की मायके के प्रति कैसी जिम्मेदारी होती है और विवाह पश्चात् ससुराल में उसके क्या-क्या दायित्व होते हैं ? अपने विचार लिखिए।

**प्रश्न-13** मीरा ने अपनी आँखों में वसे कृष्ण की छवि का वर्णन कैसे किया है ? अपने शब्दों में लिखिए। [4]

*अथवा*

'गोधूली' कहानी में से वे विन्दु छाँट कर लिखिए जहाँ पर परिस्थिति वदलती है।

**प्रश्न-14** निम्नलिखित पद्यांश का भावार्थ लिखिए : [4]

निर्झर में गति है, यौवन है, वह आगे वढ़ता जाता है।
धुन सिर्फ एक है चलने की, अपनी मस्ती में गाता है।
वाधा के रोड़ों से लड़ता, वन के पेड़ों से टकराता।
बढ़ता चट्टानों पर चढ़ता, चलता यौवन से मदमाता।

*अथवा*

सरल कांव्य-सा सुंदर जीवन हम सानंद विताते हों।
तरु दल की शीतल छाया में चल समीर-सा गाते हों॥
सरिता के नीरव प्रवाह-सा बढ़ता हो अपना जीवन।
हो उसकी प्रत्येक लहर में अपना एक निरालापन॥

**प्रश्न-15** किसी भी लोकतांत्रिक देश में नागरिकों को जागरूक करने के लिए क्या-क्या प्रयास करने होंगे ? कोई चार प्रयास लिखिए। [1+1+1+1=4]

*अथवा*

फैक्ट्री में काम करते हुए घायल / दुर्घटनाग्रस्त (दिव्यांग) मजदूरों के प्रति मालिकों की क्या-क्या जिम्मेदारियाँ होनी चाहिए ? कोई चार जिम्मेदारियाँ लिखिए।

**प्रश्न-16** सचिव, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर को कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा की अंकसूची की द्वितीय प्रति प्राप्त करने के लिए एक आवेदन लिखिए। [1+3+1=5]

*अथवा*

अपने पिता को एक पत्र लिखिए जिसमें कुछ पुस्तकें खरीदने के लिए 500 रुपये भेजने की प्रार्थना की गई हो।

**प्रश्न-17** निम्नलिखित अपठित गद्यांश का उचित अध्ययन कर पूछे गए प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए : [1+1+1+1+1=5]

हमारे देश में त्यौहार चाहे धार्मिक दृष्टि से मनाए जा रहे हैं या नए वर्ष के आगमन के रूप में, फसल की कटाई एवं खलिहानों के भरने की खुशी में हों या महापुरुषों की याद में, सभी अपनी विशेपताओं एवं क्षेत्रीय प्रभाव से युक्त होने के साथ ही देश की राष्ट्रीय एवं सांस्कृतिक एकता और अखण्डता को मजबूती प्रदान करते हैं। ये त्यौहार जहाँ जनमानस में उल्लास, उमंग एवं खुशहाली भर देते हैं, वहीं हमारे अंदर देशभक्ति एवं गौरव की भावना के साथ-साथ विश्व-बंधुत्व एवं समन्वय की भावना भी बढ़ाते हैं। इनके द्वारा महापुरुपों के उपदेश हमें बार-बार इस बात की याद दिलाते हैं कि सद्विचार एवं सद्भावना द्वारा ही हम प्रगति की ओर बढ़ सकते हैं। इन त्यौहारों के माध्यम से हमें यह भी शिक्षा मिलती है कि वास्तव में धर्मों का मूल लक्ष्य एक है, केवल उस लक्ष्य तक पहुँचने के तरीके अलग-अलग हैं।

(*i*) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(*ii*) त्यौहार किससे प्रभावित होते हैं ?

(*iii*) त्यौहारों का जनमानस पर क्या प्रभाव पड़ता है ?

(*iv*) हम प्रगति की ओर कैसे बढ़ सकते हैं ?

(*v*) त्यौहारों के माध्यम से हमें क्या शिक्षा मिलती है ?

(*vi*) 'उल्लास' का संधि-विच्छेद कीजिए।

प्रश्न–18 निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर लगभग *250–300* शब्दों में सारगर्भित निबंध लिखिए : [2+4+2=8]

(*i*) छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थल

(*ii*) स्वच्छ भारत – स्वस्थ भारत

(*iii*) जीवन में खेलों का महत्व

(*iv*) मोबाइल क्रांति

(*v*) महँगाई की समस्या और निदान

---